## एक नजर में

### नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण



**मनावर** । धार सीमेंट वर्क्स द्वारा सी एस आर के तहत ग्राम टिमरनी में नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण धार सीमेंट वर्क्स के सी एस आर विभाग द्वारा ग्राम टिमरनी में नवनिर्मित सामुदायिक भवन का विधिवत लोकार्पण नवागत संस्थाए प्रमुख श्री नीतेश जी निराला के मार्गदर्शन मै एवं मानव संसाधन प्रमुख श्री राजेश जैन एवं श्री विपिन सक्सेना सी एस आर प्रमुख, सरपंच टिमरनी श्री रमेश चौहान एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में हर्षोल्लास वातावरण मे किया गया ।ग्रामवासियों ने इस अवसर पर ग्राम वासियों ने इस नवनिर्मित सामुदायिक भवन में भागवत कथा का आयोजन भी किया

### माँ नर्मदा के दर्शन मात्र से दूर होते हैं सारे कष्ट : पं . निलेश उपाध्याय



**कुक्षी ।** नगर में दशोरा नागर समाज द्वारा आयोजित सात दिवसीय नर्मदा महापुराण कथा के चतुर्थ दिवस पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। व्यासपीठ से कथा वाचक पं. निलेश उपाध्याय ने माँ नर्मदा की महिमा का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि माँ नर्मदा केवल एक नदी नहीं, बल्कि साक्षात शक्ति का स्वरूप हैं, जिनके दर्शन मात्र से ही मनुष्य के जन्म-जन्मांतर के कष्ट और पाप मिट जाते हैं।झ पं. उपाध्याय ने कथा के दौरान बताया कि नर्मदा के पावन तट पर जाने वाले श्रद्धालु को वर्षों की कठिन तपस्या के समान पुण्य फल प्राप्त होता है। ।कथा के दौरान माँ नर्मदा के जयकारों से पांडल गुंजायमान रहा। बड़ी संख्या में माताएं, बहनें और नगर के गणमान्य नागरिक भाव-विभोर होकर कथा का श्रवण कर रहे हैं। भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे और पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

### लोटस इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने अपना स्वीट्स इंडस्ट्रियल विजिट में हासिल किया हैंड्स ऑन लर्निंग अनुभव



**सादलपुर ।** लोटस इंटरनेशनल स्कूल, सादलपुर के विद्यार्थियों ने गुरुवार, 9 अप्रैल 2026 को 卐अपना स्वीट्स (बेटमा)卐 के फूड प्रोडक्शन यूनिट का सफलतापूर्वक शैक्षणिक भ्रमण किया। यह विजिट विद्यार्थियों के लिए सीखने और अनुभव प्राप्त करने का एक यादगार अवसर बन गई। इस दौरान छात्रों ने मिठाई एवं नमकीन निर्माण की पूरी प्रक्रिया को नजदीक से देखा। आधुनिक मशीनों के संचालन, उत्पादन की तकनीक, गुणवत्ता नियंत्रण और पैकेजिंग सिस्टम की जानकारी ने विद्यार्थियों में नई जिज्ञासा और उत्साह का संचार किया। वहीं विद्यालय के डायरेक्टर्स जितेंद्र सिंह राजावत राजेंद्र माहेश्वरी देवराज प्रजापत व आनंद प्रजापत ने इस आयोजन को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि भविष्य में भी ऐसे ज्ञानवर्धक कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे।

### सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन साहब की प्रेरणा से शिक्षा को बड़ा संबल



**आलीराजपुर ।** पिछले दिनों बोहरा समाज के धर्मगुरु सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन साहब का आलीराजपुर आगमन हुआ था। इस दौरान नगर की पटेल पब्लिक स्कुल परिसर में पधारे धर्मगुरु ने स्कुल के विकास हेतु 20 लाख की सहयोग राशि प्रदान करने का वचन दिया दिया था। धर्मगुरु की प्रेरणा ओर भावना अनुसार शिक्षा को बढ़ावा देने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में उल्लेखनीय पहल करते हुए नगर के बोहरा समाज के प्रतिनिधि मंडल ने धर्मगुरु सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन साहब द्वारा प्रदान किया गया 20 लाख का चेक पटेल पब्लिक स्कूल पहुंचकर स्कुल के डायरेक्टर दम्पत्ति मप्र आदिवासी विकास परिषद के उपाध्यक्ष महेश पटेल एवं विधायक एवं नपा अध्यक्ष सेना पटेल को सौंपा। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में बोहरा समाज के प्रतिनिधिं मंडल का गरिमामय स्वागत किया गया, जिसमें समाज के वरिष्ठजनए जनप्रतिनिधि, शिक्षाविद् एवं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। धर्मगुरु द्वारा विद्यालय को दी गई यह सहायता राशि अपने आप में शिक्षा के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता, सामाजिक जिम्मेदारी का परिचायक है। इस आर्थिक सहयोग का उद्देश्य क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध करानाए आधुनिक संसाधनों का विस्तार करना तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से उनके भविष्य को सशक्त बनाना है। बोहरा समाज के प्रतिनिधियों ने धर्मगुरु सैयदना साहब का संदेश भी साझा किया, जिसमें शिक्षा को समाज के विकास की सबसे मजबूत नींव बताया गया। विद्यालय के डायरेक्टर पटेल दंपति ने भाऊक शब्दों में आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस शैक्षणिक संस्थान को यह सहयोग केवल आर्थिक सहायता नहींए बल्कि समाज के प्रति एक गहरी संवेदनशीलता और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य ओर उत्थान के प्रति समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सैयदना साहब की प्रेरणा से मिला यह आर्थिक योगदान विद्यालय के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। , बल्कि पूरे समाज को आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने इसे सामाजिक एकताए सहयोग और जनहित की भावना का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। विद्यालय परिवारए शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों में इस अवसर को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। विद्यार्थियों ने भी इस सहयोग के लिए बोहरा समाज एवं धर्मगुरु के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की और बेहतर शिक्षा प्राप्त कर समाज व देश का नाम रोशन करने का संकल्प लिया। अंत में पटेल दंपति ने पुनः सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन साहब एवं बोहरा समाज का हृदय से आत्मीय आभार प्रकट किया।

---

**ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी शॉटगन शूटिंग चैंपियनशिप**

# पटियाला में बदनावर की बेटियों का कमाल

## सिसोदिया बहनों ने जीते 6 पदक

**बदनावर । पंजाब के पटियाला में 4 से 09 अप्रैल 2026 तक आयोजित %ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी शॉटगन शूटिंग चैंपियनशिप% में ग्राम कोद की दो सगी बहनों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा लिया।**

कुमारी श्रेष्ठा सिसोदिया तथा मोहिका सिसोदिया ने अचुक निशाना लगाते हुए विभिन्न श्रेणियां में कुल 06 पदक अपने नाम किए।04 सिल्वर तथा 02 ब्रांच मेडल अपने नाम कर प्रदेश और अपने गांव कोद का गौरव बढ़ाया है। चार दिनों में पदकों की बौछार- चार दिनों में इस प्रतियोगिता में दोनों बहनों ने चुनौतीपूर्ण इवेंट स्किट, ट्रैप तथा डबल ट्रैप में हिस्सा लिया। अपनी एकाग्रता और कौशल का प्रदर्शन करते हुए उन्होंने अलग-अलग स्पर्धाओं में कुल 06 मेडल जीतकर अपनी खेल क्षमता को साबित किया।



प्रमुख उपलब्धि- कुमारी श्रेष्ठा सिसोदिया ने ट्रैप मिक्स में एक सिल्वर मेडल, ट्रैप व्यक्तिगत इवेंट में एक ब्रांच मेडल तथा डबल ट्रैप टीम इवेंट में एक सिल्वर मेडल , ट्रैप टीम इवेंट में एक ब्रांच मेडल हासिल किया। कुमारी मोहिका सिसोदिया ने इसकी टीम इवेंट में एक सिल्वर मेडल तथा डबल ट्रैप टीम इवेंट में एक सिल्वर मेडल हासिल किया।

दोनों बहनों ने यह उपलब्धि आरएनटीयू भोपाल की ओर से खेलते हुए हासिल की। दोनों बहनें इस यूनिवर्सिटी में *BPES* तृतीय वर्ष की विद्यार्थी हैं। दोनों बहनों ने इस उपलब्धि को प्राप्त कर पंजाब के गढ़ में एमपी का झंडा बुलंद कर दिया है, अपनी गन से वह कर दिखाया है जिसकी गूंज पूरे देश में है इन बहनों ने यह साबित कर दिया है कि मध्य प्रदेश अब शूटिंग का नया हब बन रहा है। कु. श्रेष्ठा तथा मोहिका सिसोदिया के द्वारा जीते कुल मेडल 6.

---



# इंदौर जिले में कल से समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी होगी शुरू

नवभारत न्यूज

**इंदौर.** जिले में रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. कलेक्टर शिवम वर्मा ने मानपुर क्षेत्र के बहुउद्देशीय सेवा सहकारी संस्था बाबा महाकाल वेयर हाउस सहित अन्य खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को किसी भी तरह की परेशानी न हो और सभी सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं.

जिला आपूर्ति नियंत्रक एमएल मारु के अनुसार किसानों की सुविधा के लिए स्लॉट बुकिंग प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है और अब तक 1142 किसानों ने स्लॉट बुक कराया है. जिले में 10 अप्रैल से 5 मई तक 90 उपार्जन केंद्रों पर गेहूं खरीदी होगी. किसान एमपी ऑनलाइन, सीएससी केंद्र या आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से अपने नजदीकी केंद्र और उपज बेचने की तिथि चुन सकते हैं.

---

# सीईओ चौधरी ने मालवी-निमाड़ी-भीली अनुवादित भाषा पुस्तक का किया विमोचन



- मध्यप्रदेश का पहला नवाचार
- मालवी भाषा में लेखन के लिए बदनावर विकास खंड से नवाचारी शिक्षक गोपाल कौशल को किया सम्मानित

**नागदा** (धार) कलेक्टर प्रियंक मिश्र की प्रेरणा तथा डाइट प्राचार्य मनोज कुमार शुक्ला के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत संचालित मिशन अंकुर के तहत कक्षा 1 एवं 2 की हिंदी भाषा सामग्री का स्थानीय लोकभाषाओं—मालवी, निमाड़ी और भीली में अनुवाद जिले के शिक्षकों द्वारा किया गया। इस महत्वपूर्ण शैक्षणिक पहल का विमोचन डाइट धार में आयोजित कार्यक्रम में किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ अभिषेक चौधरी, डाइट प्राचार्य मनोज शुक्ला एवं डीपीसी प्रदीप खरे द्वारा अनुवादित सामग्री का औपचारिक विमोचन किया इस अवसर पर लेखन एवं अनुवाद कार्य से जुड़े संयोजक राम परिंदा,मालवी भाषा संयोजक गोपाल कौशल नवाचारी शिक्षक नयापुरा माकनी बदनावर को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में बदनावर बीआरसी डी.एन. गुजराती, गंधवानी बीआरसीसी रमेश मोलेश्वर,वरिष्ठ व्याख्याता प्रमोद शर्मा, ठाकुर लाल मालवीय, भूषण देशपांडे, कमलसिंह ठाकुर, रामगोपाल शर्मा, एपीसी निंगवाल उपस्थित रहे। स्थानीय लोकभाषा का सम्मान करते हुए सीखने का वातावरण तैयार करने से अभिभावकों की सहभागिता भी बढ़ी है। मिशन अंकुर स्न्नरू के तहत यह नवाचारी पहल बच्चों के लिए सीखना सरल, आनंददायक और प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी जो मध्यप्रदेश में पहला नवाचार होगा ।

---



# विश्व नवकार मंत्र दिवस पर सकल जैन समाज का सामूहिक जाप

**मनावर** । विश्व नवकार दिवस 09 अप्रैल के अवसर पर एक ही समय एक ही दिन एक साथ संपूर्ण भारत व विश्व में नवकार महामंत्र जाप का आयोजन किया गया 7 दक्षिण भारत के कर्नाटक से प्रतिष्ठा आयोजन संपन्न कर आचार्य देवेश श्रीमद्विजय हितेशचंदसूरिश्वर जी महाराज साहेब आदि मुनिमंडल की पावनकारी निश्रा संघ को प्राप्त हुई 7 जैन समाज के तत्वाधान में श्री महावीर हीरा रतन भवन मनावर मे विश्व नवकार दिवस पर जाप आयोजित किये गया 7 आचार्य श्री ने श्रृद्धा से नवकार मंत्र जप के दैनिक जीवन मे विशेष प्रभावशाली बताया एवं जप के माध्यम से आध्यात्मिक शांति समभाव का वातावरण निर्मित होता है 7महामंत्र सेवाभावी वैराग्ययशविजयजी म सा के मुखारविन्द से श्रवण कर सभी समाजजनो ने जाप निरन्तर 90 मिनट तक किया 7 विश्व नवकार दिवस पर वैश्विक शांति को स्थापित रखने के लिये जिटो अंतराष्ट्रीय संस्था के द्वारा वृहद स्तर पर जाप आयोजन किया गया 7 धर्मसभा मे श्रीसंघ अध्यक्ष प्रवीण खटोड व विपुल गंगवाल ने भी अपने भाव रखे 7 समाज के आकेश नवलखा ने बताया कि आचार्य श्री 15 अप्रैल को मोहनखेडा तीर्थ पर भव्य प्रवेश करेंगे, जिसमें मनावर संघ से भी अधिक से अधिक गुरूभक्त शामिल होंगे 7 सकल जैन समाज मनावर के प्रवीण ओरा, समीरमल काकरेचा , प्रवीण खटोड , सुबाहु फूलेरा, चंद्रकुमार जैन , संतोष काकरेचा , मनोहर ओरा , पारसमल नवलखा ,अनिल ओरा, सचिन भंडारी , निलेश रावका, सुमित खटोड , ऋषभ कीमती , राहुल खटोड, रितेश फूलेरा , शेखर खटोड, मनीष चत्तर, सुनिल जैन, अभिषेक सौगानी, सचिन भंडारी , अमित नाहर, निलेश जैन, प्रदीप ओरा, हर्षित काश्मीया आदि गणमान्य जन उपस्थित थे

---

# 11 अप्रैल को भव्य पुस्तक मेले का आयोजन

**बाग** - मध्य प्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग भोपाल और अनुविभागीय अधिकारी आईएएस विशाल धाकड़ राजस्व कुक्षी के निर्देशानुसार शिक्षा को बढ़ावा देने तथा विद्यार्थियों में अध्ययन के प्रति रुचि विकसित करने के उद्देश्य से विकास खण्ड कुक्षी, बाग, डही एवं निसरपुर में एक भव्य पुस्तक मेले का आयोजन सांदीपनि विघालय कुक्षी मै दिनांक 11.04.26 एवं 12.04.26 प्रात ~10 बजे किया जा रहा है। उपरोक्त जानकारी देते हुए विकास खंड शिक्षा अधिकारी डी एस बघेल ने बताया कि इस मेले का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को आवश्यक शैक्षणिक सामग्री एक ही स्थान पर सुलभ कराना तथा पालकों को अपने बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण पुस्तकें और अध्ययन सामग्री उचित एवं सस्ते दामों पर उपलब्ध कराना है।

इस पुस्तक मेले में कुक्षी तहसील के समस्त पुस्तक विक्रेताओं को आमंत्रित किया गया है, जिससे वे अपनी-अपनी पुस्तकों, कॉपियों, युनिफार्म, लंच, बाक्स,पेन तथा अन्य शैक्षणिक सामग्री के स्टॉल लगाकर विद्यार्थियों और पालकों को उचित मूल्य पर सामग्री उपलब्ध करा सकें। मेले में स्कूल पाठ्यक्रम से संबंधित पुस्तकें, सामान्य ज्ञान की पुस्तकें, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से जुड़ी पुस्तकें, बाल साहित्य, कहानी की किताबें, चित्र पुस्तकें तथा विभिन्न विषयों की संदर्भ पुस्तकें भी उपलब्ध रहेंगी। इससे विद्यार्थियों को अपनी आवश्यकता और रुचि के अनुसार पुस्तकें चुनने का अवसर मिलेगा।यह मेला विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा, क्योंकि यहाँ पर पेन, कॉपी, पुस्तकें और अन्य शैक्षणिक सामग्री बाजार मूल्य की अपेक्षा सस्ते दामों पर उपलब्ध कराई जाएगी। इससे पालकों को आर्थिक रूप से भी राहत मिलेगी तथा वे अपने बच्चों के लिए अधिक से अधिक शैक्षणिक सामग्री खरीद सकेंगे।



---

# इंदिरा ज्योति यात्रा का कांग्रेस ने भव्य स्वागत किया

**झाबुआ. इंदिरा ज्योति यात्रा का आज दोपहर झाबुआ आगमन हुआ गोपाल कॉलोनी में यात्रा में शामिल यात्रा प्रभारियों का पुष्प हारो से स्वागत किया गया**

इंदिरा ज्योति यात्रा गोपाल कॉलोनी से राजगढ़ नाका डीआरपी लाइन होते हुए कालका माता मंदिर से राजवाड़े से होती हुई आजाद चौक से थांदला गेट होते हुए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा स्थल बस स्टैंड पर पहुंची इस अवसर पर यात्रा के समन्वयक गुरुदेव भास्कर राव रोकड़े बृजेंद्र पांडे जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश रांका विधायक वीर सिंग भूरिया पूर्व विधायक बाल सिंग मेडा जेवियर मेडा साबिर फिटवेल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए इस अवसर पर यात्रा के समन्वयक गुरुदेव भास्कर राव रोकड़े ने बताया कि यह यात्रा कांग्रेस नेता राहुल गांधी का निर्देश पर मध्य प्रदेश राजस्थान छत्तीसगढ़ में निकाली जा रही है जिसका उद्देश्य प्रियदर्शनी इंदिरा गांधी की जो सोच थी उसे आमजन अवगत हो यह यात्रा देश में समानता शांति सर्व धर्म समभाव का माहौल बनाने देश में भय भ्रष्टाचार अराजकता के विरोध में निकाली जा रही है इस अवसर पर आज भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन की स्थापना दिवस पर संगठन का झंडा फहराकर स्थापना दिवस मनाया वही संगठन के कार्यकर्ताओं ने जिला चिकित्सालय जाकर रक्तदान किया जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश रांका ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन की स्थापना 9 अप्रैल 1971 को देश की पूर्व प्रधान मंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी ने की थी जिनका उद्देश्य था कि देश के छात्रों को एक मंच पर लाकर उन्हें देश में विकास के लिए योगदान करने के लिए प्रेरित करना व भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन की स्थापना कर उन्हें देश के भविष्य के लिए उन्हें नेताओं के रूप में तैयार किया जाना हेइस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष अकमल डामोर कैलाश डामोर यामीन शेख बबलू कटारा शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र सिंह राठौड़ नटवर सिंह डोडियार नर्वेश अमलियार प्रकाश बामनिया रोशन बारिया नाथू कटारा रूपसिंह डामोर कालू सिंह नलवाया पार सिंह डिंडोर गंगा मोहनिया सुरेश समीर हर्ष जैन लोकेंद्र बिलावल सुरेंद्र ग्रवाल दीपू डोडियार वसीम सैयद बापू सिंह कटारा रजनी चौहान गोरी कटारा संगीता चारेल शाकिब शेख सहित सैकड़ो कांग्रेस पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे.



---





# राजेन्द्र माथुर की पत्रकारिता पूज्यनीय एवं वंदनीय है : एसडीएम मीमरोट

- राजेन्द्र माथुर पत्रकारिता के महानायक थे -पं . छोटू शास्त्री*
- मूर्धन्य पत्रकार राजेंद्र माथुर की 35 वी पुण्यतिथि पर तहसील पत्रकार संघ के तत्वावधान में दी श्रद्धांजलि

**नागदा** । मूर्धन्य पत्रकार माथुर जी ने अपने कर्मों, साहस,मेहनत व लेखनी से बदनावर जैसे शहर को राष्ट्रीय स्तर तक पहचान दिलाई, यह हमारे लिए प्रेरक भी है और बदनावर की उपलब्धि भी है। छोटे से शहर से दिल्ली जैसे शहर तक अपनी लेखनी से नाम स्थापित करना बहुत ही मेहनत व निष्पक्ष पत्रकारिता के मापदंडों के उच्च स्तर को छुआ होगा। हिंदी पत्रकारिता के आदर्श पुरुष के पदचिन्ह पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। राजेंद्र माथुर की पत्रकारिता पूज्यनीय एवं वंदनीय है।

उक्त विचार हिंदी पत्रकारिता के शिखर पुरुष एवं ख्यातनाम संपादक स्व. राजेंद्र माथुर की 35वीं पुण्यतिथि पर तहसील पत्रकार संघ बदनावर द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि आयोजन में बदनावर एसडीएम प्रियंका मीमरोट ने व्यक्त किये। धार जिला पत्रकार संघ अध्यक्ष पंडित छोटू शास्त्री ने कहा कि स्वर्गीय माथुर को हमसे विदा हुए लंबा समय बीत चुका है लेकिन उनकी ज्वलंतशील व जनहितैषी पत्रकारिता के लिए वह आज भी जीवित है। वह सिर्फ पत्रकार नहीं थे बल्कि समाज सुधारक भी थे। जिस तरह अमिताभ बच्चन फिल्मों के महानायक रहे वैसे ही राजेंद्र माथुर पत्रकारिता के महानायक रहे हैं। बदनावर की मिट्टी को उन्होंने पूरे विश्व में फैलाया था। उनकी अच्छाइयों को देश के राजनीतिज्ञ जानते थे एवं सम्मान देते थे। यह हमारे लिए प्रेरणास्पद है सभी पत्रकार राग द्वेष रहित पत्रकारिता करें, माथुर जैसी कलम चले जो जनहितेषी हो। जिला भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज सोमानी ने कहा कि हिंदी पत्रकारिता के दिग्गज संपादक की प्रतिमा युवा पीढ़ी को निष्पक्ष लेखनी की प्रेरणा देगी। माथुर जी ने पत्रकारिता के नए आयाम स्थापित किए हैं। वरिष्ठ पत्रकार चंद्रभान सिंह सोलंकी ने कहा कि माथुर साहब की कलम की धार तलवार की धार से तेज होती थी। वरिष्ठ नेता मोहन सिंह चौहान ने कहा कि राजेंद्र माथुर की लेखनी इतनी प्रभावशाली थी कि प्रकाशन होते ही समस्या का समाधान होता था।

### राजेंद्र माथुर पत्रकारिता के महानायक रहे

पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष अभिषेक टल्ला मोदी, नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष गुर्जर, नगर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश होती, विधायक प्रतिनिधि कैलाश गुप्ता पत्रकार महेश पाटीदार आदि ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर पूर्व राज्य मंत्री राजेश अग्रवाल, आर्यव्रत पत्रकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र अग्निहोत्री, नगर पंचायत उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह पवार फूंदा बापू,स्वतंत्र प्रेस क्लब अध्यक्ष मनीष शर्मा, तहसील पत्रकार संघ संरक्षक पंकज गुजराती, दिलीप दरडा, कड़ोद कला प्रेस क्लब अध्यक्ष राहुल बैरागी,उपाध्याक्ष आनंद अग्निहोत्री,सीताराम पटेल,विनय पाटीदार, राकेश सिंह चौहान,नारायण मकवाना,विक्की राजपुरोहित, आशीष भाटिया, नीलेश शर्मा,जमील कुरैशी,दीपक, कृष्णा मारु,दिलीप नागौरिया,अतुल बाफना पार्षद प्रतिनिधि संतोष राव आदि पत्रकार एवं भाजपा कांग्रेस के जनप्रतिनिधि उपस्थित थे ।कार्यक्रम का संचालन तहसील पत्रकार संघ के महासचिव अनवर मंसूरी ने किया एवं आभार अध्यक्ष गोवर्धन सिंह डोडिया ने माना